RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ई-पाठशाला कार्यक्रम

Class 12th POLITY

एक दल का प्रभुत्व का दौर

RAPID REVISION



वस्तुनिष्ठ प्रश्न


1. भारत के प्रथम चुनाव आयुक्त कौन थे?
(RBSE-2022)

निर्वाचन आयोग का गठन
→ Jan. 1950

(अ) सुकुमार सेन →
(ब) के.वी.के. सुन्दरम
(स) डॉ. नगेन्द्र सिंह
(द) टी.एन. शेषन

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER




2. भारत में सर्वप्रथम गैर-कांग्रेसी सरकार किस राज्य में बनी? (Model Paper-2024)

अ पश्चिम बंगाल

ब राजस्थान

स तमिलनाडु

द केरल



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

एक राष्ट्र
एक विचार
एक सांस्कृतिक


विचार

संस्थापक
↓
श्यामा प्रसाद मुखर्जी

SPM

3. भारतीय जनसंघ का गठन कब हुआ?

(Model Paper-2025, RBSE-2026)




4. भारत का पहला आम चुनाव किस अवधि में आयोजित हुआ?

अ जनवरी 1950 से दिसंबर 1950


ब अक्टूबर 1951 से फरवरी 1952

स 1957 से 1962

द 1962 से 1967



5. प्रथम आम चुनाव में कांग्रेस ने लोकसभा की कितनी सीटें जीतीं?



अ 16

ब 361

स 364

द 371


6. प्रथम आम चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने लोकसभा की कितनी सीटें जीतीं?

अ 12

ब 16

स 20

द 27



7. वर्ष 1957 में केरल की कम्युनिस्ट सरकार का नेतृत्व किसने किया?

[अ] ई.एम.एस. नम्बूदरीपाद

[ब] श्यामा प्रसाद मुखर्जी

[स] जवाहरलाल नेहरू

[द] आचार्य नरेन्द्र देव

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER


8. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का विभाजन किस वर्ष हुआ?


अ 1948

ब 1951

स 1957

द 1964





9. वर्ष 1952 के प्रथम आम चुनाव में कांग्रेस को लगभग कितने प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे?

अ 10 प्रतिशत


ब 15 प्रतिशत

स 45 प्रतिशत

द 74 प्रतिशत

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



10. भारतीय राजनीति के प्रारंभिक दौर को 'कांग्रेस-प्रणाली' क्यों कहा गया?

अ देश में अन्य राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध था।

ब देश में सैन्य शासन लागू था।

स कांग्रेस में केवल एक ही विचारधारा के लोग शामिल थे।


द कांग्रेस के भीतर ही राजनीतिक प्रतिस्पर्धा तथा विभिन्न गुटों के बीच होड़ मौजूद थी।

रिक्त स्थान

1. 1957 में केरल राज्य में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की अगुवाई में सरकार बनी।

(Model Paper-2023)


2. भारत के चुनाव आयोग का गठन जनवरी 1950 में हुआ।




RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER


3. कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन 1934 में हुआ।





4. वर्ष 1959 में संविधान के अनुच्छेद ____ के अंतर्गत केरल की कम्युनिस्ट सरकार को बर्खास्त किया गया।

5. प्रथम आम चुनाव के समय भारत में लगभग _____ मतदाता थे।



अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

1. भारत में प्रथम तीन आम चुनावों में किस दल का प्रभुत्व रहा?

(RBSE-2022)

उत्तर– भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

2. कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया का विभाजन किस आधार पर हुआ? (RBSE-2022)



उत्तर– चीन और सोवियत संघ के बीच विचारधारात्मक मतभेदों के आधार पर।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. E.V.M. का पूरा नाम लिखिए।

(RBSE-2025)



उत्तर– Electronic Voting Machine

4. प्रथम आम चुनाव निर्वाचन आयोग के लिए चुनौतीपूर्ण क्यों था? (RBSE-2025)

उत्तर– विशाल मतदाता संख्या, कम साक्षरता, मतदाता सूची तैयार करने तथा चुनाव संचालन की व्यापक व्यवस्था के कारण।

5. लोकतांत्रिक चुनावों द्वारा कम्युनिस्ट पार्टी की पहली सरकार कहाँ और कब बनी?

(Model Paper-2026)

उत्तर– केरल में वर्ष 1957 में।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. कांग्रेस को सामाजिक और विचारधारात्मक गठबंधन क्यों कहा जाता है? (RBSE-2022)

उत्तर:



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN


missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

1. सामाजिक विविधता: कांग्रेस में विभिन्न जाति, धर्म, भाषा और वर्ग के लोग शामिल थे।
2. विभिन्न हित-समूह: किसान, मजदूर, उद्योगपति, मालिक तथा ग्रामीण एवं शहरी समूहों को स्थान मिला।
3. विचारधारात्मक विविधता: कांग्रेस में वामपंथी, दक्षिणपंथी और मध्यमार्गी विचारधाराएँ मौजूद थीं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

4. विरोधी विचारों का समावेश: गरमपंथी, नरमपंथी, क्रांतिकारी और शांतिवादी भी इसमें शामिल थे।
5. राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व: कांग्रेस भारत की व्यापक सामाजिक और विचारधारात्मक विविधता का प्रतिनिधित्व करती थी।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER


2. प्रथम आम चुनाव को सफल बनाने के लिए चुनाव आयोग के दो कार्य बताइए। (Model Paper-2023)



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

1. निर्वाचन क्षेत्रों का सीमांकन: चुनाव कराने के लिए देश के निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएँ निर्धारित की गईं।
2. मतदाता सूची तैयार करना: मताधिकार प्राप्त वयस्क व्यक्तियों की सूची तैयार की गई तथा उसमें आवश्यक सुधार किए गए।



3. जनसंघ ने किस विचारधारा पर जोर दिया?

(RBSE-2025, Model Paper-2026)



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

1. एक देश, एक संस्कृति और एक राष्ट्र: जनसंघ ने इस विचार को अपनी विचारधारा का प्रमुख आधार बनाया।
2. भारतीय संस्कृति: भारतीय संस्कृति और परंपराओं के आधार पर आधुनिक, प्रगतिशील एवं शक्तिशाली भारत बनाने पर जोर दिया।
3. अखंड भारत: भारत और पाकिस्तान को मिलाकर अखंड भारत बनाने की अवधारणा का समर्थन किया।
4. हिंदी का समर्थन: अंग्रेजी के स्थान पर हिंदी को राजभाषा बनाने के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

1. स्वतंत्रता से अब तक मतदान के तरीकों में आए बदलावों को समझाइए। (RBSE-2023)

उत्तर–



1. अलग-अलग मतपेटियाँ: प्रथम आम चुनाव में प्रत्येक उम्मीदवार के लिए अलग मतपेटी रखी जाती थी।
2. चुनाव चिह्न: प्रत्येक मतपेटी पर संबंधित उम्मीदवार का चुनाव चिह्न अंकित होता था।
3. खाली मतपत्र: मतदाता को खाली मतपत्र दिया जाता था, जिसे वह अपनी पसंद के उम्मीदवार की मतपेटी में डालता था।
4. एक मतपत्र की व्यवस्था: शुरुआती दो आम चुनावों के बाद मतपत्र पर सभी उम्मीदवारों के नाम और चुनाव चिह्न अंकित किए जाने लगे।

5. मुहर द्वारा मतदान: मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवार के नाम पर मुहर लगाकर मतदान करने लगा।
6. ईवीएम का प्रयोग: 1990 के दशक के अंत में चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रयोग शुरू किया।
7. देशव्यापी उपयोग: वर्ष 2004 तक पूरे देश में ईवीएम का प्रयोग होने लगा।

2. सोशलिस्ट पार्टी पर लेख लिखिए।

(Model Paper-2025)

उत्तर– सोशलिस्ट पार्टी भारत के प्रमुख प्रारंभिक विपक्षी दलों में से एक थी। इसकी विचारधारा लोकतांत्रिक समाजवाद पर आधारित थी।

मुख्य बिंदु:

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

1. गठन: कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन 1934 में कांग्रेस के भीतर युवा नेताओं ने किया।
2. कांग्रेस से अलगाव: 1948 में कांग्रेस द्वारा दोहरी सदस्यता पर रोक लगाए जाने के कारण समाजवादी नेताओं को अलग होकर सोशलिस्ट पार्टी बनानी पड़ी।
3. मुख्य विचारधारा: सोशलिस्ट पार्टी लोकतांत्रिक समाजवाद में विश्वास करती थी।
4. कांग्रेस की आलोचना: समाजवादियों ने कांग्रेस पर पूँजीपतियों और जमींदारों का पक्ष लेने तथा मजदूरों-किसानों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

5. चुनावी स्थिति: पार्टी अनेक राज्यों में मौजूद थी, लेकिन उसे चुनावों में सीमित सफलता मिली।
6. 1955 की चुनौती: कांग्रेस द्वारा समाजवादी बनावट वाले समाज को लक्ष्य घोषित करने से सोशलिस्ट पार्टी के लिए अलग विकल्प प्रस्तुत करना कठिन हो गया।
7. प्रमुख नेता: जयप्रकाश नारायण, राममनोहर लोहिया, आचार्य नरेन्द्र देव, अशोक मेहता तथा एस.एम. जोशी इसके प्रमुख नेताओं में शामिल थे।

8. अन्य समाजवादी दल: इससे संबंधित राजनीतिक प्रक्रियाओं में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी, किसान मजदूर प्रजा पार्टी और संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी जैसे दल सामने आए।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. भारतीय जनसंघ पर लेख लिखिए।

(Model Paper-2025)



1. गठन: भारतीय जनसंघ की स्थापना 1951 में हुई।
2. संस्थापक-अध्यक्ष: इसके संस्थापक-अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे।
3. मुख्य विचारधारा: जनसंघ ने 'एक देश, एक संस्कृति और एक राष्ट्र' की अवधारणा पर जोर दिया।
4. भारतीय संस्कृति: यह दल भारतीय संस्कृति और परंपरा के आधार पर आधुनिक, प्रगतिशील और शक्तिशाली भारत का निर्माण करना चाहता था।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

5. अखंड भारत: इसने भारत और पाकिस्तान को मिलाकर अखंड भारत बनाने का समर्थन किया।
6. भाषा संबंधी विचार: जनसंघ ने अंग्रेजी के स्थान पर हिंदी को राजभाषा बनाने के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई।
7. चुनावी उपलब्धियाँ: जनसंघ ने 1952 में लोकसभा की 3 सीटें तथा 1957 में 4 सीटें जीतीं।
8. प्रमुख नेता: श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और बलराज मधोक जनसंघ के प्रमुख नेता थे।